University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
100 Years 1920 - 2020 Centennial Celebrations शताब्दी उत्सव

(नैक द्वारा A++ प्रत्यायित)
कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ..........................................

दिनांक..........................................

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रभारी / समन्वयक,
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
3. निदेशक, सांस्कृतिकी
4. प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय (लखनऊ / सीतापुर / रायबरेली / लखीमपुर / हरदोई) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि सहायक महाप्रबन्धक–ब्रांड डेवलपमेंट, दैनिक जागरण द्वारा अपने संलग्न पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि दैनिक जागरण के अभियान **जागरण युवा संसदः देश के कल में, आज बनें भागीदार** की शुरूआत की गयी है जिसके प्रमुख तीन उद्देश्य हैंः–

1. युवाओं की लोकतंत्र और उसकी प्रक्रियाओं की शिक्षा देकर लोकतंत्र को मजबूत करना।
2. ऐसा सीखने का माहौल तैयार करना जिसमें युवा दिमाग सोचें, बहस करें, चिंतन करें और सक्रिय तथा जिम्मेदार नागरिकता के विभिन्न पहलुओं को सीखें।
3. युवाओं को विधायी प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी सीखने का अवसर प्रदान करना।

जिसमें देश के विभिन हिस्सों से चुने गए 100 जागरण युवा सांसद राजधानी दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसकी संरचना भारतीय संसद के प्रतिरूप जैसी होगी। पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के रूप में शपथ लेकर युवा चुनिंदा विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहस करके संशोधन प्रस्तावित करेंगे युवा संसद द्वारा पारित विधेयकों जिनमें उसके सदस्यों द्वारा प्रस्तुत 'प्राइवेट मेम्बर बिल' भी शामिल होंगे पर हुई बहस और उसमें प्रस्तावित संशोधनों को जागरण में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

दिल्ली में जागरण युवा संसद के सत्र से पूर्व विशेषज्ञों द्वारा चुने गए प्रतिभागियों को संसदीय लोकतंत्र के मूल आधारों तथा विधेयकों और मुद्दों पर बहस करने के कौशल से सबंधित 15 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें पच्चीस वर्ष तक की आयु का कोई भी युवा भाग ले सकता है। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अलग–अलग होने वाले इन सत्रों की तिथियाँ जागरण के स्थानीय संस्करणो में प्रकाशित की जाएगी। प्रतिभागियों को विषय वस्तु की समझ संप्रेषण दक्षता और लोकतांत्रिक व्यवहार के आधार पर चुना जाएगा।

अतः मा० कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में अनुरोध है कि अपने विभागों / महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को उक्त अभियान में प्रतिभाग किये जाने हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें।

अभियान की जानकारी हेतु श्री जीवन चंद्र जोशी के दूरभाष नं0 9838074183 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

भवदीया,

**संलग्नकःयथोपरि।**

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
**कुलसचिव**

**संख्या–**GA-22448-51 **दिनांक–**16/12/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, ल0वि0।
3. श्री जीवन चंद्र जोशी, सहायक महाप्रबन्धक–ब्रांड डेवलपमेंट, दैनिक जागरण।
4. इंचार्ज वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
5. कार्यालय प्रति।

**कुलसचिव**

OFFICE OF THE VICE-CHANCELLOR
09 DEC 2025
No. 4100
LUCKNOW UNIVERSITY

दिनांक: 9 दिसंबर 2025

OFFICE OF THE REGISTRAR
10 DEC 2025
No. 10932
LUCKNOW UNIVERSITY

सेवा में,

प्रोफेसर मनुका खन्ना
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय

विषय: दैनिक जागरण के अभियान **जागरण युवा संसद : देश के कल में, आज़ बनें भागीदार** हेतु

महोदय,

देश के सर्वाधिक पढ़े जाने वाले समाचार पत्र दैनिक जागरण के अभियान **जागरण युवा संसद : देश के कल में, आज बनें भागीदार** की शुरुआत इस माह से प्रारम्भ हो चुकी है। जागरण युवा संसद दैनिक जागरण की एक पहल है जो अगली पीढ़ी के प्रतिनिधियों/नीति निर्णायकों के बौद्धिक और मानसिक संरचना को सुगठित, प्रभावी और संसदीय बनाने के लिए संकल्पित है। जागरण युवा संसद मानता है कि भारत की सबसे जटिल चुनौतियों का समाधान पुराने विचारों से नहीं, बल्कि नए दृष्टिकोणों से संभव है। यही कारण है कि जागरण युवा संसद सुगठित वाद-विवाद और विचार विमर्श के माध्यम से जहाँ एक ओर देश के युवाओं की नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करता है, वहीं, नागरिक भागीदारी को प्रेरित भी करता है।

युवाओं की सजग भागीदारी संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र की सफलता के लिए अनिवार्य और निर्णायक है। देश में 65% लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं और उनकी सजग सक्रियता से ही भारत संसार के अग्रणी देशों में शामिल हो सकता है। संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था और उसके सभी आयामों के विषय में युवाओं की समझ विकसित करने के उद्देश्य से दैनिक जागरण ने एक बड़ी पहल करते हुए 'जागरण युवा संसद' कार्यक्रम की शुरुआत की है।

युवाओं में लोकतंत्र के संस्कार भरने के उद्देश्य से स्थापित एक मंच है, "जागरण युवा संसद" जिसका उद्देश्य युवाओं में सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकताबोध को बढ़ावा देना है। ऐसा मंच जो संसदीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के आपसी सहयोग से वैश्विक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय नीतियों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में समझ विकसित की जाती है।

सोशल मीडिया की लोकप्रिय मगर अक्सर अज्ञानपूर्ण बहसों और अपसूचनाओं से दूर, जागरण युवा संसद अपने सदस्यों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों में गहरी जड़ें जमाने के साथ-साथ, अपनी जानकारी बढ़ाने और संसदीय विधि से बहस करने का कौशल सीखने का अवसर भी प्रदान करता है।

O.S.(GA)

सारतः जागरण युवा संसद के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं:

1. युवाओं को लोकतंत्र और उसकी प्रक्रियाओं की शिक्षा देकर लोकतंत्र को मजबूत करना।

For RDY

Jagran Prakashan Ltd
57A-3, Meerabai Marg, Lucknow 226 001
+91 522 220 9483/4/5/6
www.jagran.com www.jplcorp.in

CIN : L22219UP1975PLC004147
E-mail : jpl@jagran.com
Registered Office
2, Sarvodaya Nagar, Kanpur 208 005, Uttar Pradesh, India

2. ऐसा सीखने का माहौल तैयार करना जिसमें युवा दिमाग सोचें, बहस करें, चिंतन करें और सक्रिय तथा जिम्मेदार नागरिकता के विभिन्न पहलुओं को सीखें।

3. युवाओं को विधायी प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी सीखने का अवसर प्रदान करना

देश के विभिन हिस्सों से चुने गए 100 जागरण युवा सांसद राजधानी दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसकी संरचना भारतीय संसद के प्रतिरूप जैसी होगी। पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के रूप में शपथ लेकर युवा चुनिंदा विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहस करके संशोधन प्रस्तावित करेंगे. युवा संसद द्वारा पारित विधेयकों, जिनमें उसके सदस्यों द्वारा प्रस्तुत 'प्राइवेट मेम्बर बिल' भी शामिल होंगे, पर हुई बहस और उसमें प्रस्तावित संशोधनों को जागरण में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा.

दिल्ली में जागरण युवा संसद के सत्र से पूर्व विशेषज्ञों द्वारा चुने गए प्रतिभागियों को संसदीय लोकतंत्र के मूल आधारों तथा विधेयकों और मुद्दों पर बहस करने के कौशल से संबंधित 15 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

देश के किसी भी हिस्से से, पच्चीस वर्ष तक की आयु का कोई भी युवा इसमें भाग ले सकता है। जागरण इसके लिए देश के कई शहरों में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चर्चा एवं बहस के सत्र आयोजित करने जा रहा है. स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अलग-अलग होने वाले इन सत्रों की तिथियाँ जागरण के स्थानीय संस्करणो में प्रकाशित की जाएगी। प्रतिभागियों को विषय वस्तु की समझ, संप्रेषण दक्षता और लोकतांत्रिक व्यवहार के आधार पर चुना जाएगा।

अतः आपसे निवेदन है कि इस अभियान हेतु अपने प्रतिष्ठित संस्थान एवं संबद्ध विद्यालयों के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करें और वाद-विवाद में हिस्सा लेने की अनुमति प्रदान करें। साथ ही आग्रह है कि 'A' स्थानीय स्तर पर इस अभियान से सहयोगी के रूप में जुड़े।

Registrar / DSW / Director Sanskriti

'A' Allowed. Notify to University and aided colleges of University.

HKhanna
9/12/25.

सादर,

Jeewan

जीवन चंद्र जोशी
सहायक महाप्रबंधक- ब्रांड डेवलपमेंट
दैनिक जागरण
# 9838074183